विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।

	प्रश्न	उत्तर
10(क)	क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-भैरोपुर, परगना-नत्थूपुर, तहसील-घोसी, जनपद-मऊ में स्थित गाटा संख्या-266 नाली व गाटा संख्या 267 चकमार्ग पर किए गए अवैध अवरोध को हटवायेगें ?	जी हॉ।
(ख)	यदि हाँ, तो कब तक ?	ग्राम भैरोपुर, परगना-नत्थूपुर, तहसील-घोसी, जनपद-मऊ में स्थित गाटा संख्या 266 रकबा 0. 0470हे० व गाटा संख्या 267 रकबा 0.1240हे0 मुख्यमार्ग रकबा 0.0010हे0 व रकबा 0.0010हे0 पर अतिक्रमणियों के विरुद्ध बेदखली वाद संख्या टी0202315510203514 गाँव सभा बनाम राजेन्द्र व टी202315510203415 गाँव सभा बनाम केशव टी202315510203516 गाँव सभा बनाम राजेन्द्र व टी202315510203517 गाँव सभा बनाम केशव, उ०प्र० राजस्व संहिता की धारा 67(1) के अन्तर्गत बेदखली व क्षतिपूर्ति का आदेश 19.10.2023 को पारित किया गया है। उक्त बेदखली आदेश दिनांक 19.10.2023 के विरुद्ध अतिक्रमणियों द्वारा न्यायालय जिलाधिकारी, मऊ में उ० प्र० राजस्व संहिता की धारा 67(5) के अन्तर्गत अपील दाखिल की गयी है। अपील वाद संख्या डी202415510002353 राजेन्द्र बनाम गॉवसभा व वाद संख्या डी 20251551010002354 केशव बनाम गाँव सभा विचाराधीन है, जिसमें दिनांक 28.02.2025 को सुनवाई नियत है। वाद का निस्तारण होने के पश्चात नियमानुसार बेदखली की कार्यवाही की जायेगी।
(ग)	यदि नहीं, तो क्यों ?	प्रश्न ही नहीं उठता।

योगी आदित्य नाथ
मुख्यमंत्री।